मूल हिंदी में

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3340**

**16.12.2024 को उत्तर के लिए**

**प्रवासी पक्षी**

**3340. श्री राहुल कस्वां:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विशेषकर शीतकाल के दौरान आने वाले विभिन्न प्रवासी पक्षियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पिछले कुछ दशकों के दौरान प्रवासी पक्षियों की संख्या में कमी आई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) उक्त प्रवासी पक्षियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा क्या विभिन्न कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान उक्त प्रयोजनार्थ आबंटित/उपयोग की गई निधि का स्थान-वार और राजस्थान सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

**(क)** भारत बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों का एक महत्वपूर्ण पर्यावास स्थान है। भारत आने वाले प्रवासी पक्षियों में बत्तख, गीज़, वेडर, सारस, क्रेन, सफेद बगुला/बगुला, फ्लेमिंगों, रैप्टर, क्रेन, पेलिकन, गल्स, आदि की विभिन्न प्रजातियाँ शामिल हैं।

**(ख) और (ग)** प्रवासी पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों की संख्या का आकलन राष्ट्रीय स्तर पर नहीं किया गया है। हालाँकि कई राज्य/संघ राज्य क्षेत्र अपने अधिकार क्षेत्र में विभिन्न प्रवासी प्रजातियों की संख्या का आकलन करते हैं।

**(घ)** प्रवासी पक्षियों के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण उपाय हैं:

i. प्रवासी पक्षियों के कई महत्वपूर्ण पर्यावासों को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अंतर्गत संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है।

ii. भारत में पाई जाने वाली दुर्लभ एवं संकटग्रस्त प्रवासी पक्षी प्रजातियों, जैसे ब्लैक नेक्ड क्रेन, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड, बार हेडेड गीज़, हिमालयन ग्रिफ़ॉन, आदि को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-I में रखा गया है, जिससे उन्हें उच्चतम सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

iii. प्रवासी पक्षियों सहित वन्यजीवों के संरक्षण को और भी मजबूत करने के लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अंतर्गत कई राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों के आसपास के पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्रों (ईएसजेड) को अधिसूचित किया गया है।

iv. 'गंभीर रूप से संकटग्रस्त प्रजातियों और उनके पर्यावासों को बचाने के ''बहाली कार्यक्रम' नामक एक विशिष्ट घटक को 'वन्यजीव पर्यावासों के विकास' की चल रही केंद्र प्रायोजित योजना में शामिल किया गया है।

v.'वन्यजीव पर्यावासों के विकास' की केंद्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत संरक्षित क्षेत्रों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है।

vi. भारत वन्य प्राणियों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण संबंधी कन्वेंशन सीएमएस) का एक हस्ताक्षरकर्ता देश है।

vii. मंत्रालय ने देश में सभी आर्द्रभूमियों के संरक्षण के लिए आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017 भी अधिसूचित किया है।

viii. भारत आर्द्रभूमि सम्मेलन का एक हस्ताक्षरकर्ता देश है और वर्तमान में भारत में 85 आर्द्रभूमियों को 'रामसर स्थलों' के रूप में अधिसूचित किया गया है।

**(ङ)** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों- वन्यजीव पर्यावास विकास और बाघ एवं हाथी परियोजना के तहत प्रवासी पक्षियों सहित वन्यजीवों और उनके पर्यावासों के संरक्षण के लिए राजस्थान सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इस स्कीम के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण क्रमशः **अनुलग्नक-I** और **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

**अनुलग्नक-I**

**"प्रवासी पक्षी" के संबंध में दिनांक 16.12.2024 को उत्तर के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3340 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

पिछले तीन वर्षों के दौरान सीएसएस-वन्यजीव पर्यावासों का विकास के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को जारी की गई निधियों का ब्यौरा।

**(₹ लाख में)**

| **क्रम सं.** | **राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के नाम** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25 (दिनांक 10.12.202 तक)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोवार द्वीप | 132.64 | 0 | 135.77 | 25.125 | 0 | 0 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 512.69 | 312.5865 | 419.80617 | 276.44062 | 672.462 | 696.546 |
| 3 | असम | 164.26 | 0 | 0 | 209.1464 | 565.10763 | 1234.4652 |
| 4 | बिहार | 148.142 | 205.1644 | 410.85952 | 0 | 336.37223 | 0 |
| 5 | चंडीगढ़ | 0 | 25.16 | 0 | 21.6241 | 16.498 | 0 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 310.0318 | 104.35936 | 274.5903 | 104.457 | 116.24868 | 135.58248 |
| 7 | गोवा | 111.654 | 0 | 0 | 0 | 50.10 | 66.44425 |
| 8 | गुजरात | 0 | 124.5849 | 0 | 200.01 | 206.99 | 0 |
| 9 | हरियाणा | 237.6078 | 18.2212 | 127.331 | 30.1575 | 167.85 | 116.4861 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 375.76554 | 187.63518 | 197.09452 | 114.3205 | 94.15328 | 172.31067 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 0 | 80.62863 | 0 | 0 | 69.57972 | 73.97099 |
| 12 | झारखंड | 93.96 | 198.2265 | 79.53315 | 0 | 14.91025 | 71.93619 |
| 13 | कर्नाटक | 739.046 | 586.126341 | 1256.59314 | 291.71146 | 581.52346 | 800.8205 |
| 14 | केरल | 845.026 | 731.2845 | 295.7737 | 224.4735 | 921.0361 | 909.63915 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 629.266 | 801.60127 | 389.34906 | 265.5508 | 471.81959 | 486.77709 |
| 16 | महाराष्ट्र | 715.781 | 146.08135 | 0 | 350.3879 | 554.69645 | 622.0670 |
| 17 | मणिपुर | 396.455 | 241.11948. | 142.50646 | 180.64379 | 231.72407 | 261.70605 |
| 18 | मेघालय | 238.839 | 263.50463 | 530.51253 | 0 | 243.56611 | 389.5938 |
| 19 | मिजोरम | 431.79 | 339.60855 | 198.9678 | 190.1977 | 304.207 | 344.3258 |
| 20 | नागालैंड | 953.69 | 260.00105 | 342.0315 | 725.6565 | 1306.3275 | 1044.063 |
| 21 | ओडिशा | 701.504 | 694.18819 | 726.80273 | 967.4976 | 1005.08612 | 882.50229 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | राजस्थान | 741.315 | 309.12634 | 1007.64845 | 86.78886 | 0 | 0 |
| 23 | सिक्किम | 557.355 | 349.623 | 182.97174 | 239.66048 | 187.03237 | 221.17 |
| 24 | तमिलनाडु | 409.505 | 334.0354 | 390.75715 | 132.95205 | 373.8902 | 661.78722 |
| 25 | तेलंगाना | 0 | 36.59304 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 426.251 | 312.9244 | 169.06261 | 266.7472 | 290.64425 | 393.86725 |
| 27 | उत्तराखंड | 1401.19 | 441.61031 | 226.34415 | 212.9662 | 498.497 | 652.2470665 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 891.073 | 710.61953 | 757.25599 | 201.30866 | 385.29988 | 0 |
| 29 | पुद्दुचेरी | 0 | 0 | 0 | 0 | 5.22 | 0 |
| 30 | लक्षद्वीप | 193.272 | 462.859 | 462.086 | 269.9055 | 124.655 | 217.185 |
| 31 | त्रिपुरा | 90.317 | 260.679 | 0 | 0 | 186.05514 | 0 |
| 32 | लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र | 0 | 223.17292 | 31.95 | 61.11591 | 0.06 | 0 |
| | **सकल योग** | **12448.4264** | **8761.32971** | **8755.59767** | **5648.84523** | **9981.61203** | **10455.4930965** |

**अनुलग्नक- II**

**"प्रवासी पक्षी" के संबंध में दिनांक 16.12.2024 को उत्तर के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3340 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

पिछले तीन वर्षों के दौरान सीएसएस- बाघ और हाथी परियोजना के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को जारी की गई निधियों का ब्यौरा।

**(₹ लाख में)**

| क्रम सं. | राज्य | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | 2024-25 (11/12/2024 तक ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बाघ परियोजना | हाथी परियोजना | बाघ परियोजना | हाथी परियोजना | * बाघ और हाथी परियोजना | * बाघ और हाथी परियोजना |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 292.11 | 20.5565 | 0.00 | 0.00 | 149.421 | 365.13 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 869.08 | 157.7615 | 0.00 | 26.8875 | 1119.9145 | 629.112 |
| 3 | असम | 1476.75 | 126.716 | 336.22 | 167.4 | 2619.3078 | 2043.60467 |
| 4 | बिहार | 552.72 | - | 0.00 | 0.00 | 308.9825 | 126.14526 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 355.85 | 24.785 | 82.88 | 0.00 | 292.855 | 181.581 |
| 6 | हरियाणा | 0.00 | 4.2345 | 0.00 | 17.4 | 26.1 | 20.40 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 19.61 | 0.00 |
| 8 | झारखंड | 195.06 | 86.682 | 17.26 | 78.05 | 405.785 | 363.778 |
| 9 | कर्नाटक | 2956.70 | 261.195 | 235.24 | 97.8453 | 2613.0834 | 783.0747 |
| 10 | केरल | 868.78 | 580.96765 | 417.59 | 270.09 | 996.22425 | 221.36725 |
| 11 | मध्य प्रदेश | 3523.52 | 12.613 | 1172.51 | 11.388 | 4303.794 | 2213.976 |
| 12 | महाराष्ट्र | 2991.06 | - | 0.00 | 28.524 | 2614.4517 | 1726.12193 |
| 13 | मणिपुर | 0.00 | 5.40 | 0.00 | 0.00 | 14.121 | 14.625 |
| 14 | मेघालय | 0.00 | 141.75 | 0.00 | 32.14 | 65.25 | 29.70 |
| 15 | मिजोरम | 374.13 | - | 0.00 | 0.00 | 144 | 247.917 |
| 16 | नागालैंड | 0.00 | 279.759 | 0.00 | 235.575 | 337.77 | 231.1425 |
| 17 | ओडिशा | 1056.86 | 567.045 | 190.27 | 212.7695 | 1012.587 | 563.401 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 6 | |
| 18 | राजस्थान | 841.05 | 15.18 | 0.00 | 6.18609 | 968.3004 | 228.47223 |
| 19 | तमिलनाडु | 1576.22 | 181.8464 | 0.00 | 85.9405 | 2547.966 5 | 1450.52652 |
| 20 | तेलंगाना | 543.26 | - | 0.00 | 0 | 323.308 | 291.682 |
| 21 | त्रिपुरा | - | - | 0.00 | 7.36516 | 27.0855 | 10.99296 |
| 22 | उत्तराखंड | 1463.71 | 244.1237 5 | 0.00 | 18.7415 | 1495.524 1 | 1207.53 |
| 23 | उत्तर प्रदेश | 1304.85 | 45.993 | 0.00 | 9.858 | 1031.976 7 | 1381.2537 |
| 24 | पश्चिम बंगाल | 708.28 | 87.8717 | 0.00 | 30.05 | 522.5810 1 | 425.94994 |
| | | **21949.99** | **2844.48** | **2451.97** | **1336.211** | **23960** | **14757.48** |

* केंद्रीय प्रायोजित स्कीम- हाथी परियोजना और केंद्रीय प्रायोजित स्कीम बाघ परियोजना को आपस में मिला दिया गया है और अब इसे केंद्रीय प्रायोजित स्कीम बाघ और हाथी परियोजना के रूप में जाना जाता है.

***